साई मेरी पूजा साई मेरी भक्ति

साई मेरी पूजा साई मेरी भक्ति,
साई मेरी पूजा साई मेरी भक्ति,
मेरे जीवन में करता उजियारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
साई सुखकारी साई भयहारी,
साई सुखकारी साई भयहारी,
दीन दुखियों का साचा सहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे।

माला फेर उसकी ही मैं तो सुबह शाम रे,
साई के चरणों में मेरे चारो धाम रे,
साई नाम ही है मेरे धड़कनों का गीत रे,
साई के ही द्वार संग सच्ची मेरी प्रीत रे,
साई महादाता साई है विधाता,
साई महादाता साई है विधाता,
सारे भक्तों का पालनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे।

साई में ही राम बसे साई छवि सबकी,
साई ऐसा संत जिसे चिंता है सबकी,
साई द्वार भेदभाव होता नहीं ज़ात का,
मालिक है साई ही सुख के व साथ का,
साई है अनंता साई भगवंता,
साई है अनंता साई भगवंता,
सारे देवों से सचमुच न्यारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे।

डोरी विश्वास की कभी भी ना टूटे,
जग चाहे रूठे पर साई नाही रूठे,
दुनिया जो रूठेगी तो साई को ध्याऊँगी,
साई अगर रूठ गए तो मैं कहाँ जाउंगी,
साई मेरा रहबर साई सुखसागर,
साई मेरा रहबर साई सुखसागर,
सारी दुनिया से बढ़के प्यारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
साई मेरी पूजा साई मेरी भक्ति,
साई मेरी पूजा साई मेरी भक्ति,

मेरे जीवन में करता उजियारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
साई सुखकारी साई भयहारी,
साई सुखकारी साई भयहारी,
दीन दुखियों का साचा सहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे,
मेरे नइया का खेवनहारा साई रे.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24373/title/sai-meri-puja-sai-meri-bhakti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |